कि हम इसके लिये पूरी कोि ा ा कर रहे हैं, दूसरी तरफ बादल साहब भारत किसान युनियम को लगातार इस काम में रूकावट डालने के लिये भड़का रहे हैं। पंजाब सरकार ने क्या किया है कि जो लोगों के मुआवर्ज की रमक 20 से 30 हजार रुपये तक की थी, उसको बढ़ाकर 70 से 80 हजार तक कर दिया है। लोगों को गुमराह कर रहे हैं क्योंकि वही देने वाले हैं और उन्हीं की अपनी सरकार है। उन्होंने ऐसे हालात पैदा कर दिये हैं कि न तो एक्वीजी ान करना चाहते हैं, न ही कोई काम करना चाहते हैं और न ही अफसरों को काम पर लगाना चाहते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि जब 30 करोड़ रुपया उनके पास पड़ा है, तो उनका यह फर्ज बनता है कि वे उस नहर में काम भाुरू करवाएं। कम से कम इस पैसे से एक्वीजी ान का काम तो पूरा करना चाहिये लेकिन वे इस काम को करने में बिल्कुल असमर्थता दिखा रहे हैं। उनकी नीयत साफ नहीं है। सन् 1981 से जब अकाली भाई विरोधी पक्ष में हुआ करते थे, उस दिन से इस काम के खिलाफ धरना देते रहे हैं, रास्ता रोकते रहे हैं और काम करने वालों को काम नहीं करने दिया। हम अब उनसे यह उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि नहर खुदे। जिन्होंने पिछले चार सालों में संघर्श किया हो कि यह नहर नहीं खुदनी चाहिये और अब तो वे सत्ता में हैं, इसी काम के लिये वे जेलों में गये, वही लोग क्या इस नहर को खुदने देंगे ? बिल्कुल खुदने नहीं देंगे। हमारे मुख्य मन्त्री महोदय और हमारी सरकार की सच्चे दिल से यह कोि ा ा रही है और वे समय–समय पर मीटिंगें भी करते रहे हैं और

चौधरी सुरजेवाला साहब भी मौके पर जाकर इस काम के लिये कोि ा ा करते रहे हैं। एक बार तो मैं भी उनके साथ गया था लेकिन लगातार इतनी कोि ा ाों के बावजूद भी यह नहर खुद नहीं रही है जबकि 113 करोड़ 30 लाख रुपया पंजाब सरकार को दे भी दिया है। 90 करोड़ रुपये का प्रोवीजन सरकार ने अपने इस साल के बजट में कम साधनों के बावजूद इस काम के लिये रखा है। इस तरह से 203 करोड़ 30 लाख रुपया सरकार ने इस काम के लिये दे रखा है। भोश पैसा पंजाब सरकार और केन्द्र सरकार ने देना है। थर्मल प्लांट के लिये जो पानी जाता है उसके लिये भी पंजाब सरकार ने पैसा देना है। मतलब यह कि हरियाणा सरकार की तरफ उनका एक पैसा भी बकाया नहीं है। 66 करोड़ के लगभग पंजाब और केन्द्र सरकार ने इस नहर के लिये देना है और आज विरोधी पक्ष के भाई यह कहते हैं कि हरियाणा सरकार ने पानी के लिये कुछ नहीं किया। लोगों को गुमराह करने, वरगलाने के सिवाये इन विरोधी भाईयों को और कोई काम नहीं है। कभी लोगों को कहते हैं कि रास्ता रोको। बन्द का आह्वान करो, कभी कहते हैं कि आन्दोलन करो। इन सभी बातों के पीछे उनकी इलैक ान जीतने की नीयत है क्योंकि अगले साल इलैक ान आ रहे हैं। लोगों से हमदर्दी जताओ, भाायद वे इन्हें पावर में ले आएं।

डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजी ान के भाई आजकल एक और काम में लगे हुए हैं। वे 23 जनवरी को हुए दंगों में मरने

वाले लोगों के नाम से चन्दा इकट्ठा कर रहे हैं। लोक दल के नाम से नहीं, भारतीय जनता पार्टी के नाम से नहीं, चौधरी चरण सिंह के नाम से नहीं, मरने वालों के कफन के नाम से, उनके खुन के नाम से लोगों से पैसा बटोर रहे हैं। जो मरने वाले हैं, वे इनको पार्टी के आदमी नहीं थे न ही किसी और पार्टी से ताल्लुक रखते थे। उन बेसहारा लोगों को, अनजान लोगों को इस रास्ता रोको आन्दोलन से कोई सरोकार नहीं था। इसलिये जो चन्दा इकट्ठा किया जा रहा है या किया गया है, वह पैसा उन मरने वालों के घर वालों को दिया जाना चाहिये लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यह काम ये लोग अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिये कर रहे हैं। कभी एस0वाई0एल0 का नाम लेते है, कभी एरियाज का नाम ले–लेकर लोगों को गुमराह करके भड़का रहे हैं। उनको इस बात का पता है कि इस काम में हरियाणा की कांग्रेस सरकार ने दिल से कोि ा ा की है कि हरियाणा का ज्यादा से ज्यादा भला हो। अबोहर फाजिलका जा करके उस इलाके के लोगों को हम ने समझाया बुझाया। 15–20 दिनों तक हमने वहां बैठकर यह कोि ा ा की कि उनकी तरफ से एक रैजोल्यू ान लाया जाए। करीब 134 गांवों के लोगों से हमने रैजोल्यू ान लिया और उसके बाद कन्टूखेड़ा मिन्नी सैन्सस की बात हुई। हम सब ने मिलकर हरियाणा के हितों की रक्षा की। हम मिनिस्टर लोगों को जिस जगह पर जाने से जान का खतरा था, वहां पर भी गये क्योंकि जब पार्टी का, हमारे मुख्य मन्त्री महोदय का सब का यह फैसला था कि मिन्नी सैन्सस हो। इसीलिये हम सब वहां गये और लोगों

को समझाया बुझाया गया। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अपोजी ान के भाईयों ने न तो कोई इस प्रकार का रेजोल्यू ा ही पास किया और न ही कन्दूखेड़ा में जाकर हमारी इस स्थिति से निपटने के लिये मदद की और न ही उनका कोई आदमी वहां पर मौजूद था। उसके बाद मुख्य मन्त्री महोदय ने अपोजी ान के सभी पार्टियों के भाईयों की कई मीटिंगें बुलायी लेकिन उनमें कोई न आया। मुख्य मन्त्री महोदय दिल्ली में बैठकर भी इसी कोि ा ा में लगे रहे कि कहीं विरोधी पक्ष के भाई वहां पर आएं और उनसे इस बारे में सहयोग मिले लेकिन वहां भी कोई नहीं आया। मुख्य मन्त्री महोदय ने प्रधान मन्त्री जी के सहयोग से इस सारे वातावरण को संभाला। इसके बाद अपोजी ान के भाईयों ने, बजाये इसके ि कवे सरकार का साथ देते, रास्ता रोको आन्दोलन भाुरू करवाया, लोगों को उकसाया, भड़काया। यह सारा काम यह कहकर किया गया कि हमें एस0वाई0एल0 का पानी नहीं मिलेगा। बाऊंडरी एरिया में हरियाणा को नुकसान होगा। मुख्य मन्त्री जी ने यह फैसला किया कि यह जो रास्ता रोकने की बात है, यह हरियाणा के हितो की बात है, हम इसके बीच में नहीं आएंगे। बसें रोक दी गई, स्कूल कालेज बन्द कर दिए गए इसलिये बन्ध कामयाब था। सरकार भी चाहती थी कि आपस में लड़ाई हो। बाउंडरी एरिया के झगड़े पर और पानी के झगड़े पर पंजाब की सभी पार्टियां एक बात करती हैं लेकिन यहां पर विरोधी पक्ष के लोग अलग–अलग बातें कर रहे हैं। वे सरकार का साथ देने की बजाए लोगों से चन्दा इकट्ठा

करके अपनी जेबों में डाल रहे हैं। यह नहीं कि जिन मासूम लोगों की हत्या हुई थी या जो घायल हुए थे यह पैसा उनके घर वालों को दिया जाए। जिन लोगों की हत्या हुई उनके बारे में हमें भी बहुत दुख है। हम उनकी मौत पर दुख प्रकट करते हैं। हम उनके घरों में जाकर भी दुख प्रकट करके आए हैं लेकिन ये लोग दुःख प्रकट करने की बजाए उनके नाम से चन्दा इकट्ठा कर रहे हैं। आज उनमें से कोई एस0वाई0एल0 की बात नहीं करता। अगर उनको पानी की चिन्ता थी तो वे यहां सै ान में आते और अपनी भावनाएं व्यक्त करते। ऐसा करने से उनकी बातें प्रैस में आती और लोगों तक पहुंचती। ऐसा करने की बजाऐ वे गांव–गांव में जाकर चन्दा इकट्ठा कर रहे हैं। किसी गांव में जाते हैं तो 50 हजार की माला पड़ जाती है, किसके नाम से ? भाहीदों के नाम से। यह सारा पैसा भाहीद होने वालों के घर में जाना चाहिए था लेकिन इन्होंने सारा अपनी जेब में डाल लिया। इन लोगों का एस0वाई0एल0 से कोई मतलब नहीं है। जब जनता पार्टी का राज था तो यहां पर चौधरी देवी लाल मुख्य मन्त्री थे और पंजाब में प्रका ा सिंह बादल मुख्य मन्त्री थे। उस समय ये एस0वाई0एल0 पर एक इंच भूमि पर भी काम नहीं करवा सके। लेकिन हमारी सरकार ने इतने खतरनाक हालात में कितना कुछ किया। हमने पंजाब को इस नहर पर आने वाला लगभग सारा खर्च दे दिया है बाकी जो रहता है वह पंजाब का हिस्सा रहता है। इसका मतलब यह है कि मौजूदा हरियाणा सरकार की नीति इस बारे में बिल्कुल स्पश्ट है और यह चाहती है कि एस0वाई0एल0 का पानी हरियाणा

में जल्द से जल्द आए। विरोधी पक्ष तो यह चाहता है कि पानी न आए और समझौता न हो ताकि मुख्य मन्त्री और प्रधान मन्त्री की बदनामी हो और उसका फायदा उन्हें मिले। उधर बरनाला साहब पंजाब के मुख्य मन्त्री हैं और प्रका ा सिंह बादल चाहते हैं कि ऐसे ही हालत खराब रहें जिससे बरनाला साहब की बदनामी हो और उनके हाथ में कुर्सी लग जाए। तो यह सारी बात कुर्सी तक सीमित है। इसलिये इस बारे में हर आदमी को सोचने की जरूरत है। विरोधी पक्ष के लोग यहां की बजाए आज दिल्ली में रैली कर रहे हैं। वे इधर नहर खोदने की तरफ क्यों नहीं आते। अगर वे इस काम के लिए इधर आते हैं तो हम भी उनके पीछे लगेंगे। अगर वे लोग ऐसा करेंगे तभी यह नहर खुदेगी। आज क्या हो रहा है कि पानी पाकिस्तान को जा रहा है और पंजाब की भूमि सेम हो रही है। जब हरियाणा अलग हुआ था तो उस समय हरियाणा को 62% पानी दिया गया था और पंजाब को 100% दिया गया था। उसके बाद जगह–जगह नहरें बन गई। आज हरियाणा में सिर्फ 40% पानी है जबकि पंजाब में 200% है। इसके बावजूद भी बाकी का पानी पाकिस्तान को जा रहा है। ऐसी स्थिति में एक तरफ तो हालत यह है कि पंजाब पानी में डूब रहा है और दूसरी तरफ हरियाणा के खेत सूख रहे हैं। इसलिये पंजाब को इस बारे में सोचना चाहिए कि वह हरियाणा को पानी दे। लेकिन पंजाब की अकाली सरकार ऐसा सोच नहीं सकती और न ही उसकी ऐसी भावना है। उनका मुद्दा यही है कि हमने हरियाणा को कुछ नहीं देना है और हरियाणा से कुछ लेना है। वे हमें

फाजिल्का अबोहर के गांव नहीं देना चाहते लेकिन चण्ड़ीगढ़ लेना चाहते हैं। इसका क्या मतलब है। चण्ड़ीगढ़ में हरियाणा का 47% पैसा लगा है। कहमे हैं हमें चण्ड़ीगढ़ दे दो और फाजिल्का अबोहर के गांव मत लो बल्कि पटियाला के कुछ गांव ले लो। मैं उनको बताना चाहता हूं कि पटियाला के गांव तो हमें दूसरे कमि ान से अपने आप आ जाएंगे। जो फाजिल्का अबोहर के 105 गांव हैं, उनके बारे में इन्दिरा गांधी ने अपने अवार्ड में कहा था कि ''इन लियू आफ चंडीगढ़'' ये हरियाणा को मिलेंगे। This is what Shrimati Indira Gandhi always maintained. इस अकौर्ड से साफ जाहिर है कि हालांकि अबोहर तथा फाजिल्का क्लीयरली मैं ान नहीं किये गये थे लेकिन इन्टै ान यही थी कि not only the towns of Fazilka and Abohar but also other Hindi speaking villages of that area will be given to Haryana in lieu of Chandigarh. अकौर्ड के समय संत लौंगोवाल ने कहा था कि हालात खराब हैं। इसलिये एकोर्ड में इस बारे में क्लीयरनी नहीं लिखा गया था लेकिन इन्टै ान यही थी। उस टाईम लौंगोवाल जी ने यह भी कहा था कि यह एकोर्ड में मैन् ान न किया जाए। इसलिये एकोर्ड में फाजिल्का अबोहर का नाम ही नहीं था इसलिये ये इलाके हम नहीं देंगे। एक कुडू खेड़ा गांव की वजह से हमें मिलने वाले इतने गांव रोकना चाहते हैं और चण्डीगढ़ जिसमें हमारा 47% पैसा लगा हुआ है उसके बारे में कहते हैं कि पंजाब को दे दिया जाए। इस बारे में केन्द्र सरकार को सोचना पड़ेगा। चण्डीगढ़ के बदले अगर फाजिल्का अबोहर के गांव हरियाणा को न

आएं तो हरियाणा सरकार इसे मानने के लिए तैयार नहीं है। हमारा इतना स्टैंड होने के बावजूद भी विरोधी पक्ष के भाई कहमे हैं कि अन्याय हो गया। मैं पूछना चाहता हूं कि अन्याय कहां हो गया। वे कहते हैं कि हम हरियाणा के हितों की रक्षा करेंगे। क्या हरियाणा के हितों को वही ठीक समझ सकते हैं ? हरियाणा के हित आज की कांग्रेस सरकार के हाथों में, हमारे मुख्य मन्त्री जी के हाथों में सुरक्षित हैं और हम सभी इस बात के लिए उत्सुक हैं कि हमारा नुकसान न हो। राजीव गांधी जी भी नहीं चाहते कि हरियाणा को नुकसान हो। जो आदमी फैसला करता है वह सभी बातों को सोच समझ कर करता है। बड़ा भाोर था कि 26 जनवरी को चण्डीगढ़ पंजाब को चला जाएगा। चण्डीगढ़ के कर्मचारियों को 25 जनवरी को तनखाह तक दे दी गई थी लेकिन हुआ कुछ नहीं, चण्डीगढ़ वहीं का वहीं रहा। पंजाब वाले आज भी चाहते हैं कि पंजाब में तो जल जला हो जाए और हरियाणा के खेत सूखे रहें। पंजाब के टोटल पानी में से हरियाणा का 47 प्रति ात हिस्सा है। अब जो इसके लिए अरैडी कमि ान बना है, वह न्याय की बात करेगा। हमें 3.5 एम0ए0एफ0 की बजाए 7.5 एम0ए0एफ0 पानी मिलना चाहिए। आज फालतू पानी पाकिस्तान में जा रहा है और पंजाब की धरती में 200 प्रति ात पानी है। हरियाणा में केवल 40 प्रति ात पानी है इसलिये केन्द्र सरकार न्यायोचित बात करे। हम इस रैजोल्यू ान के जरिये केन्द्र सरकार से प्रार्थना कर रहे हैं कि एस0वाई0एल0 कैनाल के काम को केन्द्र सरकार खुद अपने हाथ में ले। वरना यह पानी हमें मिलने वाला नहीं है। मै। रिक्वैस्ट

करूंगा कि इस रैजोल्यू ान को आज ही पास किया जाए। इस बारे में मैं मुख्य मन्त्री जी से और सुरजेवाला जी से रिक्वैस्ट करूंगा कि यह आज ही अव य पास होना चाहिए। हम केन्द्रीय सरकार को यह कहें कि इस काम को वह अपने हाथ में ले और 15 अगस्त तक इस नहर की खुदवाई करवाएं ताकि जो हरियाणा के साथ अन्याय हो रहा है वह खत्म हो। मैं विरोधी पक्ष के लोगों को कहूंगा कि उनको रैली करने की जरूरत नहीं है। यदि उन्होंने रैली करनी है तो वे हरियाणा के लोगों को आपस में मरवाने के लिए रैली न करें। अगर रैली करनी है तो वे पंजाब के कपूरी गांव में रैली करें, मैं कहना चाहता हूं कि रैली नहीं बल्कि नहर की खुदाई का काम करें। वहां पर जा कर नहर को अपने आप खोदें और यदि पंजाब सरकार उनको गिरफ्तार करती है तो गिरफ्तार करे। जिस तरह से अपोजी ान के भाईयों ने रैली की है, वह आपस में लड़ने के लिए की है। इस तरह से करके हम आपस में लड़ रहे हैं। हमे आपस में मिल कर उस नहर की खुदाई के बारे में कोई बात करनी चाहिए। मेरे अपोजी ान के भाईयों को बुद्धिमता की बात करनी चाहिए। मेरे विरोधी पक्ष के भाईयों में यह बुद्धिमता होनी चाहिए कि आपस में लड़ने से हरियाणा को न्याय मिलने की बजाय कम होता है। हमें केन्द्रीय सरकार पर यह दबाव डालना चाहिए कि हम वहां रैली करने के लिए जाएंगे जहां पर वास्तव में नहर की खुदाई हो रही है। यहां हरियाणा में रैली करने की बजाय मेरे विरोधी पक्ष के भाई वहां पर नहर खोदने के लिए क्यों नहीं गए। यहां हरियाणा में लोगों से चन्दा इकट्ठा

करने के लिए भागे फिर रहे हैं। मेरे विरोध पक्ष के भाईयों को रैली करने के लिए 300 किलोमीटर दूर दिल्ली में जाने की जरूरत नहीं थी उनको जहां पर नहर की खुदाई होनी है उधर केवल 150 किलोमीटर जाने की जरूरत थी। इसलिए मैं उनसे प्रार्थना करना चाहूंगा कि वे आपस में मिल कर इस बात को सोचें कि उन्हें रैली करनी ही हो तो पंजाब में करें। अकालियों के खिलाफ रैली करें। लेकिन चौधरी देवी लाल जी और सरदार प्रका ा सिंह बादल में यह गठजोड़ है कि चौधरी देवी लाल जी इस सरकार को कमजोर करें और बादल साहब उस सरकार को करें। यह बात उनके हित में नहीं हैं। ऐसा करने से उनको कुर्सी नहीं मिलती। इस बारे में मुझे एक कहावत याद आ गई। एक लड़का अपनी मां से कहने लगा कि मां मुझे नम्बरदारी मिलनी चाहिए उसकी मां ने कहा नम्बरदारी तुझे नहीं, उसको मिलेगी। फिर वह लड़का बोला यदि वह मर जाए तो नम्बरदारी किसको मिलेगी उसकी मां ने कहा यदि वह मर गया तो नम्बरदारी उसको मिलेगी। फिर वह लड़का बोला यदि वह भी मर गया तो फिर नम्बरदारी किसको मिलेगी उसकी मां ने फिर कहा कि उसको मिलेगी। फिर वह लड़का बोला यदि वह भी मर गया तो फिर किसको मिलेगी। उसकी मां ने कहा बेटा चाहे सारा गांव मर जाए तुझे नम्बरदारी नहीं मिलेगी। चौधरी देवी लाल जी और बादल साहब के ऐसा सोचने पर ऐसा नहीं हो सकता। यदि वह ऐसा सोचेंगे कि हम ऐसा कर देंगे तो ऐसा हो जाएगा ऐसी बात नहीं है। अगर मेरे विरोधी पक्ष के भाइयों ने हरियाणा के हितों की वास्तविक तौर पर रक्षा करनी है तो उनको

यहां असैम्बली में आना चाहिए था। लेकिन वे यहां सदन में कैसे आ सकते थे वे तो रैली में जो मासूम लोग मरे हैं उनके लिए चन्दा इकट्ठा करते फिर रहे हैं। उनके नाम से चन्दा ले रहे हैं। मैं कहता हूं कि जो भी पैसा चन्दे के रूप में उनके पास जमा होगा वह मृतकों के परिवार वालों को मिलना चाहिए। यदि वह पैसा उनके परिवारों को नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ कार्यवाही भी हो सकती है। इन भाब्दों के साथ मैं हाउस से प्रार्थना करूंगा कि इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास करके केन्द्रीय सरकार को भेजना चाहिए कि केन्द्रीय सरकार एस0वाई0एल0 नहर की खुदाई का काम अपने हाथ में ले ताकि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी जल्दी से जल्दी मिल सके।

वक्तव्य

मुख्य मन्त्री द्वारा सहायता प्राप्त गैर सरकारी महाविद्यालयों के अमले का वेतन बैंकों द्वारा अदायगी संबन्धी।

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी इजाजत से पब्लिक हित में एक स्टेटमैंट देना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, राज्य में प्राइवेट कालेजों के अध्यापकगण तथा अन्य स्टाफ के वेतन के संबंध में उल्लेख किया गया। कुछ कठिनाईयों का उल्लेख पिछले कई वर्शों से सदन में किया गया तथा इस विशय पर चर्चा हुई। इन विद्यालयों के अध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ को वेतन मिलने में आने वाली

कठिनाईयों पर सरकार ने गंभीरता से विचार किया है। कल इस विशय में इन कालेजों की मैनेजमैंट, प्रधानाचार्यों से तथा अध्यापकगण व स्टाफ के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की गई। सौभाग्यव ा चर्चा के फलस्वरू सभी पहलुओं पर आम सहमति हुई जो मुख्य निर्णय लिये गए उनको मैं सदन के सम्मुख माननीय सदस्यों की सूचना के लिए प्रस्तुत कर रहा हूं :–

1. राज्य में गैर–सरकारी कालेजों के प्रधानाचार्यों, अध्यापकों तथा अन्य स्टाफ को वेतन बैंक के माध्यम से दिया जाएगा।

2. यह योजना 1–4–1986 से लागू होगी।

3. क्योंकि राज्य सरकार की वर्तमान नीति के अनुसार इन कालेजों के घाटे की 95 प्रति ात की प्रतिपूर्ति सरकार करती है अतः 5 प्रति ात का दायित्व इन कालेजों के मैनेजमैंट का ही पहले की तरह रहेगा।

4. 1985–86 वर्श का घाटा पूरा करने का सरकार का कानूनी दायित्व तो नहीं है लेकिन मैनेजमैंट तथा कालेजों की परे ाानी देखते हुए सरकार अगले पांच वर्शों में दस छमाही कि तों मं यह रा ि ा इन कालेजों को प्रदान करेगी।

5. इन कालेजों की वित्तीय स्थिति की पूरी सूचना सरकार को तत्काल दी जायेगी और जो इनके असैट्स 19–2–1986 को थे, उन में किसी प्रकार की कमी इन की

मैनेजमैंट या कालेज के प्र ाासक बिना सरकार की अनुमति के नहीं करेंगे।

6. इन कालेजों के प्र ाासन का दायित्व पहले की तरह मैनेजमैंट का ही होगा और उसमें सुगमता लाने के लिए तथा अनु ाासन बनाये रखने के लिये अध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ की वार्शिक गोपनीय रिपोर्ट लिखी जाएगी।

मुझे वि वास है कि इन निर्णयों से प्राइवेट कालेजों के अध्यापकों तथा अन्य स्टाफ में जो निरा ाा थी, वह दूर होगी और पढ़ाई का स्तर और ऊंचा उठेगा। जहां तक इनके मैनेजमैंट का ताल्लुक है हमें वि वास है कि वे अपने दायित्व को भली–भांति निभाते रहेंगे, जैसे पहले निभाते रहे हैं।

उक्त निर्णय के अनुपालन के लिए सरकार को कुछ और व्यवस्था विस्तार से करनी होगी। इस पर विचार भ्ारू कर दिया गया है ताकि यह योजना 1–4–1986 से सुचारू रू‍प से चलाई जा सके। मैं मैनेजमैंट के प्रतिनिधि, प्रधानाचार्यों, अध्यापकगण तथा अन्य स्टाफ के प्रतिनिधियों को बधाई देता हूं जिन्होंने बहुत सूझ–बूझ से हमें चर्चा में सहायता दी है। इस चर्चा में और निर्णय लेने में मेरे साथी वित्त मन्त्री श्री सागर राम गुप्ता एवं ि ाक्षा मन्त्री श्री जगदी ा नेहरा का भी वि ोश योगदान रहा है।

गैर सरकारी प्रस्ताव (पुनरारम्भ)

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल) : उपाध्यक्ष महोदय, इस समय सदन में एस0वाई0एल0 कैनाल के बारे में चर्चा चल रही है। इस कैनाल के बारे में सभी माननीय सदस्यों की भावनाएं उत्तेजित हैं और सभी माननीय सदस्यों की भावनाएं और विचार एक हैं कि एस0वाई0एल0 कैनाल जल्दी बननी चाहिए। मैं आपके द्वारा माननीय सदस्यों से प्रार्थना करना चाहता हूं कि यदि इस प्रस्ताव पर एक या दो सदस्य और बोल लें, उसके बाद बाकी जो और काम हैं, वे हो सकें तो अच्छा रहेगा। आपके पास बहुत दूर–दूर से लोग अपने काम करवाने के लिए आए होंगे उनका काम करवाएं। मैं यही प्रार्थना करना चाहूंगा कि आज की कार्यवाही जल्दी समाप्त कर लें। एक या दो और सदस्य जो बोलना चाहें, वह बोल लें।

श्री रो ान लाल आर्य (छछरोली) : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, यह जो प्रस्ताव सदन के विचाराधीन है इसकी जरूरत इसलिए पड़ी कि हमारे हिस्से का पानी पंजाब से इधर नहीं आ रहा है। मैं इस बात से हैरान हूं कि जो हरियाणा के हिस्से का पानी है, वह पंजाब में है इसके बावजूद भी पंजाब में जो आग सुलग रही है, वह बुझने का नाम नहीं ले रही है। मैं हरियाणा सरकार को इस बात के लिए इस मौके पर बधाई देता हूं कि हमें हमारे हिस्से का पानी न मिलने के बाद भी और यहां पर हालात खराब होते हुए भी उसने हरियाणा में आग लगने दी। उधर पंजाब हमारे हिस्से का पानी ले कर भी पंजाब में लगी हुई आग पर काबू

पाने में सक्षम नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, जब आज सुबह मैंने अखबार पढ़ा तो आंखों में खून उतर आया कि किस तरीके से पंजाब में बेगुनाह आदमियों को प ुओं की तरह मार दिया गया है। मैं यह बात दावे के साथ कह सकता हूं कि पंजाब में पिछले साल इतने प ु नहीं मरे होंगे जितने वहां पर बेगुनाह लोगों को कत्ल किया गया है। पंजाब में बेगुनाह लोगों को बहुत बुरी तरह से मारा गया है। दुनिया के इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं मिलती जिस तरह से पंजाब में लोगों को मारा गया है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मुख्य मन्त्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि सदन को इस बात पर गहरी चिन्ता प्रकट करनी चाहिए जो आज पंजाब में हो रहा है। जहां हम आज यह प्रस्ताव पास कर रहे हैं कि हमें हमारे हिस्से का पानी मिलना चाहिए और केन्द्र को नहर निर्माण का कार्य अपने हाथ में लेना चाहिए वहां केन्द्र को इस बात के लिये भी ठोस कदम उठाने चाहिए कि पंजाब में जो उग्रवाद का राक्षस बेगुनाह नागरिकों को मार रहा है, उसको भी कंट्रोल किया जाए। पानी के साथ–साथ यह भी बहुत जरूरी मसला है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो पंजाब समझौता किया गया था, वह राजीव गांधी और संत लौंगोवाल के बीच हुआ था। समझौता इसलिए हुआ था ताकि पंजाब में किसी तरीके से भाांति स्थापित हो। लेकिन पंजाब में भाांति स्थापित होने का नाम नहीं है, आग और भी तेजी से भड़क रही है। आज पंजाब में आवाज उठती है कि क्यों नहीं जल्दी से जल्दी राजीव–लौंगोवाल समझौता लागू किया जाता। लेकिन पंजाब वाले उस समझौते का मतलब

केवल चण्डीगढ़ हथियाओ समझौता मानते हैं। केवल यह चाहते हैं कि उनको जो कुछ चाहिए वह तो उनको तुरन्त मिल जाए और हरियाणा को कोई भी चीज न मिले, पानी की एक बूंद भी न मिले। उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस सृश्टि के निर्माण करने वाले भगवान का यह नियम है कि जो भी व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति का हिस्सा मारता है, उसकी नीयत खराब होती है, उसके यहां कोई बरकत नहीं हो सकती। वह कभी भी सुखी नहीं रह सकता और न कोई लाभ उठा सकता है। मैं सोचता हूं कि कहीं हरियाणा की जो प्यासी धरती है भाायद उसकी बद्दुआओं की वजह से पंजाब में आग न सुलग रही हो। मेरी जो भावनाएं थीं, वह मैंने आपके जरिए हाउस में कह दी हैं। पंजाब में जो हमारे भाई मारे जा रहे हैं, उनके लिए हमें रोश प्रकट करना चाहिए। पंजाब में जो हमारे भाई मारे जा रहे हैं उनके लिए हमें आवाज उठानी चाहिए और वातावरण को जागृत करना चाहिए ताकि जो घटनाएं वहां घट रही हैं वे न घटें। हमें वहां के लोगों की जान–माल की रक्षा करने के लिए कोई न कोई कदम उठाना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक नहर के निर्माण का संबंध है, उस बारे में मुझे अपनी सरकार से पूरी उम्मीद है कि यह जल्दी से जल्दी बन कर तैयार हो जायेगी। मुख्य मन्त्री जी ने भी कई बार बयान दिया है कि इस नहर का निर्माण कार्य केन्द्रीय सरकार को अपने हाथ में ले लेना चाहिए। अन्त में मैं सारे हाउस

से प्रार्थना करूंगा कि इस प्रस्ताव को पास किया जायें। हरियाणा को अपने पानी का उचित हिस्सा मिले ताकि हरियाणा भी ज्यादा से ज्यादा विकास कर सके। केन्द्र सरकार से मांग की जाये कि जो हरियाणा के हिस्से का पानी है, बिजली है और टैरीटरी है, वह हमें मिले ताकि यहां पर और पंजाब में भी भाान्ति स्थापित हो सके।

श्री उपाध्यक्ष : इस प्र न पर काफी सदस्यों ने अपने विचार क्वै चन आवर में भी जाहिर किए हैं और इस पर सब की एक ही राय है। जो सदस्य बोलने के इच्छुक हों, वह बजट पर बोल लें।

12.00 बजे

सिंचाई तथा बिजली मन्त्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी इजाजत से इस प्रस्ताव के बारे में संक्षेप में दो–चार बातें कहना चाहूंगा। इस प्रस्ताव पर इस विधान सभा के 3 सदस्यों ने बहुत विस्तार से अपने विचार प्रकट किए हैं। इस प्रस्ताव को श्री इन्द्र सिंह नैन ने पे ा किया था और उन्होंने अपने विचार काफी विस्तार से प्रकट किए। नैन साहब के बाद श्री नेहरा और श्री आर्य साहब ने भी अपने–अपने विचार प्रकट किए। इन तीनों सदस्यों के बोलने के बाद मैं समझता हूं कोई बात नहीं रह जाती, जिसका जिकर न आया हो। आप भी देख रहे हैं और मैं भी देख रहा हूं कि काफी सदस्य

अपने विचार इस बारे में प्रकट करना चाहते हैं। लेकिन मैं समझता हूं कि रैपिटी ान का और बार–बार एक ही बात को दोहराये जाने का कोई लाभ नहीं होगा। हाउस की जो राय है वह बहुत ज्यादा जाहिर है और मैम्बरों में भी बहुत जज़बा है। इसलिए हाउस की राय को देखत हुए और मैम्बरों की राय को देखते हुये सरकार ने फैसला किया है कि इस प्रस्ताव पर आज ही वोटिंग करवा ली जाये और प्रस्ताव को पारित कर दिया जाये। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, मैं संक्षेप में कहना चाहूंगा कि कितना अच्छा होता यदि आज अपोजी ान के साथी सदन में उपस्थित होते और अपनी इच्छा जाहिर करते। बड़े अफसोस की बात है कि अपोजी ान के भाई अपनी जिम्मेवारी से भाग गए हैं। उन्होंने जो अपना कर्तव्य निभाना चाहिए था, वह नहीं निभाया। उपाध्यक्ष महोदय, नहर के निर्माण के बारे में मैम्बरों ने काफी कुछ कह दिया है। अब मैं उन बातों को नहीं दोहराना चाहता। इस बात का जिकर मैं अव य करना चाहूंगा कि जब ये भाई सवा दो साल या अढ़ाई साल तक सत्ता में रहे, उस समय इनकी तरफ से या अकालियों की तरफ से कभी कोई एजिटे ान नहीं हुआ। मेरे कहने का मतलब यह है कि जब चौधरी देवी लाल जी मुख्य मन्त्री थे, उस समय उन्होंने नहर के निर्माण के बारे में कोई एजिटे ान नहीं किया। जिस समय उनका राज था उस समय इस नहर के निर्माण की कौस्ट सिर्फ 45–46 करोड़ रुपये ही थी। इससे ज्यादा खुदाई की कौस्ट नहीं थी। उससे ज्यादा सुनहरी अवसर हरियाणा के लिए और कोई नहीं हो सकता था। यदि उस समय

यह नहर बना दी जाती तो आज इतना अधिक खर्चा न होता। इससे जाहिर है कि उनकी नीयत इस काम के प्रति सीरियस नहीं थी। उस समय नहर की खुदाई न कराये जाने का उनके पास कोई जवाब नहीं है। कितना अच्छा होता यदि आज वे हाउस में उपस्थित होते और यह बताते कि हम सवा दो साल में इस नहर का निर्माण क्यों नहीं करा पाये। उन्हीं को वजह से हरियाणा का अहित हुआ है, इसीलिए वे हाउस में उपस्थित नहीं हो रहे। इन्होंने एस0वाईएल0 का पानी लाने में अपनी कोई जिम्मेवारी नहीं निभाई। आप को पता है कि पीछे दो दफा भांखड़ा मेन लाईन में ब्रीच हुआ था। उस समय अपोजी ान पार्टी का कोई भाई भी मौके पर नहीं गया था। उस समय पंजाब में हालात काफी खराब चल रहे थे। ब्लू स्टार के पहले भी ब्रीच हुआ था। सारे पंजाब में कर्फ्यू लगा हुआ था। जब भाखड़ा में ब्रीच हुआ तो उस समय सिरसा, फतेहाबाद आर हिसार के इलाकों में पानी नहीं पहुंचा था। सरकार ने पूरी कोि ा ा करके यमुना से और दूसरी जगहो से पानी लेकर इस एरिया में पानी पहुंचाया और लोगों को बैगर पानी के नहीं रहने दिया। सरकार ने एक–एक गांव में टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाया और 10–10 तथा 20–20 किलोमीटर की टैम्पोरेरी लाइनें लगा कर उस इलाके के लोगों तक पानी पहुंचाया। घग्घर वगैरा छोटी नदियों से पानी हमने लेकर वहां के रजबाहों में पहुंचाया ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इसके विपरीत विरोधी पक्ष के सदस्य चौधरी देवी लाल समेत कोई भी उस इलाके में नहीं पहुंचा जहां पानी की कमी हो गई थी,

हालांकि वे इलाके उन्हीं के थे। चौधरी देवी लाल जी ने उस समय इस नहर के निर्माण के लए पंजाब को सिर्फ एक करोड़ रुपया ही दिया था जबकि काम एक इन्च भी नहीं हुआ था। इस सरकार ने इस नहर के निर्माण के लिए अब तक पंजाब को 110–112 करोड़ रुपये दिए हैं। नहर के निर्माण को तेज कराने के लिए भारत सरकार और पंजाब सरकार के लैबल पर कोि ा ा की है ताकि नहर के निर्माण में गति आये। यह रिकार्ड की बात है। विरोधी पक्ष का कोई भी सदस्य आज तक इस हाउस से बाहर नहीं गया। उन्होंने मौके पर जा कर नहीं देखा कि कहां नहर बन रही है, कब पूरी होगी और क्या–क्या रूकावटें नहर के निर्माण कार्य में है। अक्टूबर और नबम्बर के महीने में जब भारतीय किसान यूनियन के नेताओं तथा पंजाब के भाइयों ने धरना भुरू किया तो हमने अखबारों में यह बात कही थी कि विरोधी पक्ष के भाई चौधरी देवी लाल समेत सब को चाहिए था कि वे पंजाब के भाइयों को मनाते कि भाई आप आन्दोलन न करें। आज ये किसानों के हितैशी बने फिरते हैं। उनको पंजाब के किसानों को समझाना चाहिए था कि पंजाब के किसानों में और हरियाणा के किसानों में कोई फर्क नहीं है लेकिन उनको हरियाणा के हितों से कोई सरोकार नहीं है और न उनके पास अपना कोई प्रोग्राम है। उन्होंने कभी भी भारत सरकार के लैबल पर, पंजाब सरकार के लैबल पर या किसानों के लैबल पर कहीं कोई बात सैटल करने की कोि ा ा नहीं की। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कोई सुझाव या प्रयत्न नहीं किए। सिवाय लोगों को गुमराह करने

के, उनका और कोई प्रोग्राम नहीं है। मैं संक्षेप में उनकी कारगुजारी के बारे में आप को बताना चाहता था। उपाध्यक्ष महोदय, पार्लियामैंट के ढांचे में उन लोगों का कितना वि वास है, वह भी मैं आपको बताना चाहूंगा। चौधरी देवी लाल 1982 के इलैक् ानों में जीतकर एम0एल0ए0 बनने के बाद एक बार हाउस में यह बात कहने के लिए आए थे कि पंजाब में अकालियों को सरकार सौंप दी जानी चाहिए। उन्होंने यह बात उस समय कही जब पंजाब में अकालियों का कोई बहुमत नहीं था और उन्होंने अपने इस्तीफे भी दिए हुए थे। वे सिर्फ ये भाब्द कहने के लिए ही असैम्बली में एक दिन आए थै इसके अलावा उन्होंने और कोई बात नहीं की।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं संक्षेप में बताना चाहूंगा कि नहर के निर्माण के काम की क्या प्रगति है, हालांकि इस बारे में पहले भी काफी विस्तारपूर्वक बताया जा चुका है। अब मैं थोड़े से भाब्द और कहना चाहूंगा और हाउस के सदस्यों को वि वास में लेना चाहूंगा। जैसा कि सबको पता है, इस नहर की रिवाइज्ड लम्बाई 120 किलोमीटर है। मैंने पहले भी बताया था कि 70 किलोमीटर रीचिज में अर्थ वर्क मुकम्मल हो चुका है या मुकम्मल होने के करीब है। बाकी रिचिज में कोई काम नहीं हुआ है। अगर माननीय सदस्य क्युबिक मीटर्ज में यह बात जानना चाहें तो टोटल अर्थ वर्क 429 लाख क्युबिक मीटर होना था जबकि कुल अर्थ वर्क 178 लाख क्युबि मीटर हुआ है। टोटल कंक्रीट लाइनिंग

53.62 लाख स्केयर मीटर्ज होनी है लेकिन 0ण्45 स्केयर मीटर हुई है। यह तकरीबन टोटल काम की परसैंट है। 11 मेजर क्रौस ड्रेनेज वर्कस में से 5 के ऊपर काम भाुरू किया गया है बाकी के ऊपर काम भाुरू नहीं किया गया है। घ्गर रीवर क्रौसिंग के ऊपर भी काम भाुरू नहीं किया गया है। 42 मीडियम क्रौस ड्रेनेज वर्कस में से 22 के ऊपर काम भाुरू किया गया है। 3 रेलवे पुलों में से सिर्फ एक रेलवे पुल पर काम भाुरू हुआ है। इस कैनाल पर 4 ए0आर0 ब्रिजिज, 8 डिस्ट्रिक्ट रोड़ ब्रिजिज और 56 विलेज रोड़ ब्रिजिज बनने हैं लेकिन प्रैटिकली किसी पर काम भाुरू नहीं किया गया है। हरियाणा ने अब तक 110.5 करोड़ रुपया नकद दिया है और 2.8 करोड़ रुपये की म ानरी दी है। इसमें से अभी भी प्रोजैक्ट अथैरिटीज के पास 30 करोड़ रुपया अनस्पैन्ट पड़ा है। टोटल रिवाइज्ड ऐस्टिमेटस के बारे में मैंने कल भी हाउस में अर्ज किया था कि सी0डब्ल्यू0सी0 ने 270 करोड़ रुपया ऐक्सैप्ट किया है लेकिन हमें इस बारे में आपत्ति है। हमारे ख्याल से खर्चे का टोटल ऐस्टिमेट 230 करोड़ के करीब बनना चाहिए। अगर 270 करोड़ रुपये के हिसाब से भी कैलकुले ान करें तो हरियाणा का भोयर 225 करोड़ रुपये बनता है और पंजाब का भोयर 45 करोड़ रुपये बनता है। हमने अभी तक 110.5 करोड़ रुपये दे दिया है जबकि पंजाब ने 13 करोड़ रुपये दिया है और 32 करोड़ रुपये अभी देना है। हरियाणा ने 1985–86 में 70 करोड़ रुपये का प्रोवीजन किया था और 1986–87 में 90 करोड़ रुपये का प्रोवीजन किया है। भारत सरकार से हमने यह बात भी कही है कि वह हमें

प्लान अस्सिटैंस के तौर पर रुपया दे दें और बाद में रिकवर कर ले। स्पीकर साहब, कल मैम्बर्ज साहेबान ने यह भांका जाहिर की थी ि कइस नहर पर जो रुपया खर्च हुआ है वह ठीक खर्च हुआ है या नहीं और उसे देखने के लिए सरकार क्या इन्तजाम कर रही है। हरियाणा सरकार ने स्वर्गीय प्रधान मन्त्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी के समय में भी और मौजूदा केन्द्रीय सरकार से भी इस बारे में कई बार प्रार्थना की है और पत्र भी लिखे हैं। पंजाब सरकार को भी इस बारे में लिखा गया है। पंजाब के मुख्य मन्त्री तथा गवर्नर साहब को मुख्य मन्त्री जी ने मिल कर और पत्र व्यवहार से यह बात कही है कि इस नहर का काम जल्दी होना चाहिए। हमारे ऑफिसर्ज भी इस बात के लिए निरन्तर प्रयत्न कर रहे हैं। इस नहर की खुदाई के काम को रिव्यू करने के लिए भारत सरकार ने एक प्रोग्रैस रिव्यू कमेटी नाई है। यह कमेटी 1981 के ऐग्रीमैंट के नीचे बनाई गई थी। इस कमेटी को सी0डब्ल्यू0सी0 के मैम्बर चेयर करते हैं। इसमें पंजाब और हरियाणा के इरीगे ान सैक्रेटरीज, फाइनैंस सैक्रेटरीज और चीफ इंजीनियर्ज मैम्बर्ज हैं। यह कमेटी मौके पर जाकर भी प्रोग्रैस को रिव्यू करती है। इसके अलावा एक और कमेटी है जिसको गवर्नमैंट औफ इंडिया, मिनिस्ट्री औफ वाटर रिसोर्सिज के सेक्रेटरी चेयर करते हैं। इसकी पीरियोडिकल मीटिंग्ज होती रहती है। पिछले दिनों, दिसम्बर के महीने में इस कमेटी के जो महत्वपूर्ण सदस्य हैं, उन्होंने इस नहर का दौरा किया था और यह रिपोर्ट दी है कि वे काम की प्रोग्रैस से संतुश्ट नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा सरकार ने नहर के बारे में जो

पत्र व्यवहार किया है उसके बारे में मैं संक्षेप में हाउस को बताना चाहूंगा क्योंकि पूरा ब्यौरा देना, सारी बात को डिसक्लोज करना न तो सरकार के हित में है, न प्रोजैक्ट की कम्पलि ान के हित में है और न ही हरियाणा के हित में है। हरियाणा सरकार ने गवर्नमैंट औफ इंडिया से तीन मांगे की है। एक मांग तो यह है कि इस प्रोजैक्ट की ऐक्सिक्यू ान का काम गवर्नमैंट औफ इंडिया अपने हाथ में ले ले। हमने इसके लिए पूरी वजह उनसे ब्यान की है क्योंकि अब तक पंजाब सरकार इस काम को ठीक से करने में नाकामयाब रही है और इस बात का कोई चांस नहीं है कि यह काम समय से मुकम्मल हो सके। दूसरी मांग हमारी है कि इस प्रोजैक्ट पर जो खर्च होना है वह इनि ियली भारत सरकार कर ले और जब इसका लाभ मिलना भुरू हो जाए तो हमारे हिससे के पैसे को कि तों में हमसे वसूल कर लिया जाए। तीसरी बात हमने यह कही है कि जो खर्चा हुआ है उसकी स्क्रुटनी के लिए कोई तरीका बनाया जाए और स्क्रूटनी के बाद जो रुपया ऐसा निकले जिसे पंजाब सरकार ने खर्च नहीं किया है, उसे पंजाब के खाते से काट लिया जाए। हम भारत सरकार सेयह भी मांग करने जा रहे हैं कि कम्पट्रोलर एंड औडिटर जनरल औफ इंडिया से जितना रुपया अब तक खर्च हुआ है उसकी ठीक ऐप्लीके ान के बारे में स्पै ाल औडिट करवा लिया जाए। वैसे तो पंजाब गवर्नमैंट के इन्टरनल औडिट सिस्टम से इसका औडिट होगा लेकिन उससे हमारी तसल्ली नहीं होगी।

स्पीकर साहब, मैं ज्यादा समय न लेकर के लास्ट में इतना कहना चाहूंगा कि जहां तक इस नहर के समय से पूरा होने की बात है, उसके लिए मुख्य मन्त्री जी एक दफा नहीं बार–बार यह बात इम्प्रैस अपोन कर चुके हैं, प्रधान मन्त्री जी से, भारत सरकार के जो दूसरे संबंधित मन्त्री और अधिकारीगण हैं, उनसे यह बात कह चुके हैं, कि इस नहर को भारत सरकार स्वयं बना लेक्योंकि इस बात का चांस बहुत कम है कि पंजाब सरकार इस काम को तेजी से कर सके। अध्यक्ष महोदय, मैंने कल भी यहां इस बात की चर्चा की थी कि हरियाणा सरकार ने बार–बार इस बात पर जोर दिया है कि पंजाब सरकार पहले जमीन को ऐक्विजि ान कर ले। जून 1985 में सुरेन्द्र नाथ जी पंजाब के गवर्नर साहब के ऐडवाइजर थे और नहर के महकमे का काम देखते थे। उनसे जब हमने कहा था कि पंजाब गवर्नमैंट ने 45 करोड़ रुपया खर्च नहीं किया तो वे आए और उनसे हमारी मीटिंग हुई तथा यह फैसला हुआ कि पंजाब सरकार अपने हिस्से का पूरा रुपया देगी। यह भी तय हुआ था कि जो रुपया हरियाणा सरकार देगी तथा पंजाब सरकार देगी उससे सबसे पहले किसानों को मुआवजा देकर के जमीन ऐक्वायर की जाएगी। इसके बाद पंजाब सरकार बार–बार कहती रही कि नहर का काम तेजी से चल रहा है और वक्त पर पूरा हो जाएगा लेकिन हाउस को पता है कि असल स्थिति क्या है। 2 जनवरी, 1986 को मैं अपने अधिकारियों के साथ मौके पर गया और पूरी कैनाल को देखा। मैं माननीय प्रैस के प्रतिनिधियों को भी साथ लेकर गाय था। और उसके बाद आज तक पंजाब

सरकार ने और बरनाला जी ने यह बात नहीं कही कि यह नहर 15 अगस्त तक पूरी हो जायेगी। भारत सरकार पूरी तरह संतुश्ट है कि पंजाब सरकार और अकाली दल नहर को पूरी नहीं करवायेंगे। हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द भार सरकार और स्वयं प्रधान मन्त्री जी इस बारे में कारगर उपाय करेंगे जिससे यह नहर बन सके। प्रधान मन्त्री स्वयं इस बारे में उत्सुक हैं कि यह नहर जल्दी बने। प्रधान मन्त्री और भारत सरकार चाहती है कि कोई ऐसा तरीका निकले जिससे यह नहर अगर 15 अगस्त तक न बन सके तो इस साल के अन्त तक जरूर पूरी हो। इन भाब्दों के साथ मैं मैम्बरान से उम्मीद करूंगा कि वे अपना सही मत व्यक्त करेंगे।

श्री उपाध्यक्ष : प्र न है–

"This House recommentds to the State Government to approach the Central Government to immediately take over the construction of the S.Y.L. Canal in the Punjab Territory in their own hands so that the same is completed without any further delay. The delay in the construction of the said canal has already greatly affected the economy of the State and increasing the cost of construction thereof tremendously."

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

Mr. Deputy Speaker: The resloution is unanimously carried.

अब हाउस कल सुबह साढ़े नौ बजे तक के लिए एडजर्न किया जाता है।

12.02 बजे

(तत्प चात् सदन भाुक्रवार, 21 फरवरी, 1986 को प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)